# अभ्यास

## देखें, क्या समझा

1. नीचे दिए गए स्थान पर भारतीय राज्यों / देशों के नाम और वहाँ बोली जानेवाली भाषा लिखो—

| भारतीय राज्य | भाषा | देश | भाषा |
|---|---|---|---|
| ....पंजाब.... | ....पंजाबी.... | ....जापान.... | ....जापानी.... |
| ....गुजरात.... | ....गुजराती.... | ....रूस.... | ....रूसी.... |
| ....असम.... | ....असमिया.... | ....चीन.... | ....चीनी.... |
| ....कर्नाटक.... | ....कन्नड़.... | ....इंग्लैंड.... | ....अंग्रेज़ी.... |
| ....केरल.... | ....मलयालम.... | ....जर्मनी.... | ....जर्मन.... |

2. नीचे लिखे इन भारतीय राज्यों की बोलियों के नाम लिखो—

| | | | |
|---|---|---|---|
| हरियाणा — | ....हरियाणवी.... | छत्तीसगढ़ — | ....छत्तीसगढ़ी.... |
| बिहार — | ....भोजपुरी.... | राजस्थान — | ....राजस्थानी.... |

3. वर्ण पहचानकर सही भाषा पर ✓ का निशान लगाओ—

| वर्ण | | भाषा |
|---|---|---|
| अ, आ | — | हिंदी ✓ / पंजाबी / कोंकणी |
| A B C | — | अंग्रेज़ी ✓ / चीनी / फ़ारसी |
| ستانی یوں | — | उर्दू ✓ / स्पेनिश / रूसी |

4. रिक्त स्थान भरो—

क. दुनिया में सबसे अधिक बोली जानेवाली भाषा ....अंग्रेज़ी.... है।

ख. भाषा के शुद्ध रूप का ज्ञान ....व्याकरण.... कराता है।

ग. ....बोली.... का क्षेत्र सीमित होता है।

घ. हिंदी को भारत की राजभाषा ....14.... सितंबर, 1949 को घोषित किया गया।

ङ. पंजाबी ....गुरुमुखी.... लिपि में लिखी जाती है।

5. लिपि क्यों आवश्यक है?

....लिपि किसी भाषा के वर्णों को लिखने के लिए निर्धारित चिह्न होते हैं। इन चिह्नों के ज्ञान द्वारा ही हम किसी भाषा को लिख सकते हैं इसलिए लिपि आवश्यक है।....

# गतिविधि-1

1. इस भारतीय नोट पर कौन-कौन सी भाषाएँ लिखी हैं? इंटरनेट की मदद से पता करके लिखो—




भाषाएँ

| | |
|---|---|
| असमिया | ओड़िया |
| बंगाली | पंजाबी |
| गुजराती | संस्कृत |
| कन्नड़ | तमिल |
| कश्मीरी | तेलुगु |
| कोंकणी | उर्दू |
| मलयालम | |
| मराठी | |
| नेपाली | |

2. भाषा, लिपि और व्याकरण की परिभाषा चार्ट पेपर पर लिखकर कक्षा में लगाओ।

उ. भाषा — अपने विचार एक-दूसरे तक पहुँचाने के माध्यम को भाषा कहते हैं।

लिपि — भाषा के लिखने के ढंग को लिपि कहते हैं।

व्याकरण — भाषा को शुद्ध रूप में बोलना, लिखना और पढ़ना सिखानेवाली नियमावली व्याकरण कहलाती है।

3. अपनी कक्षा में मौखिक भाषा, लिखित भाषा और सांकेतिक भाषा का अभिनय करो। (समय— अधिकतम 2 मिनट)

छात्र स्वयं करें।

4. न

व

# अभ्यास

## देखें, क्या समझा

**1. दूसरी भाषाओं से आई आगत ध्वनियाँ और उनसे बने दो-दो शब्द लिखो—**

| आगत ध्वनियाँ | | शब्द | |
|---|---|---|---|
| ....ऑ.... | — | ....डॉक्टर.... | ....बॉल.... |
| ....ज़.... | — | ....कागज़.... | ....ज़मीन.... |
| ....फ़.... | — | ....माफ़ी.... | ....फ़र्क.... |

**2. स्वर कितने प्रकार के हैं? उदाहरण सहित लिखो—**

....उच्चारण के आधार पर स्वर तीन प्रकार के होते हैं—....

....1. ह्रस्व स्वर — अ, इ, उ तथा ऋ....

....2. दीर्घ स्वर — आ, ई, ऊ, ए, ऐ, ओ और औ....

....3. प्लुत स्वर — ओऽ....

**3. दिए गए शब्दों में उचित स्थान पर अनुस्वार ( ं ) या अनुनासिक ( ँ ) लगाओ—**

कंघा दाँत चाँद बंदर हँसना सुंदर साँप पाँच डंडा रंग

**4. निम्नलिखित संयुक्ताक्षरों से दो-दो शब्द बनाओ—**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| च् | + | छ | = | च्छ | — | ....स्वच्छ.... | ....अच्छा.... |
| स् | + | व | = | स्व | — | ....स्वतंत्र.... | ....स्वर.... |
| न् | + | य | = | न्य | — | ....अन्याय.... | ....अन्यत्र.... |

**5. 'र' के निम्नलिखित रूपों के दो-दो शब्द और लिखो—**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| र | — | रथ | ....रस्सी.... | ....रजत.... | र्‍ | — | सूर्य | ....पूर्व.... | ....हर्ष.... |
| ्र | — | प्रण | ....प्रश्न.... | ....प्रथम.... | ्र | — | ट्रेन | ....मेट्रो.... | ....ट्रक.... |

**6. वर्ण-विच्छेद करो—**

कक्षा — ...क्... + ...अ... + ...क्... + ...ष्... + ...आ...

पढ़ाई — ...प्... + ...अ... + ...ढ़्... + ...आ... + ...ई...

चित्रण — ...च्... + ...इ... + ...त्... + ...र्... + ...अ... + ...ण्... + ...अ...